जन्मोत्सव | शोभायात्रा में उमड़ा सर्व ब्राह्मण समाज, धूमधाम के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

# जय परशुराम के नारे से पूरा चिल्हारी हुआ गुंजायमान



**चिल्हारी नवभारत 20 अप्रैल।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव चिल्हारी में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें चिल्हारी सहित पड़वार, सुखदास, बरछड़, टिकुरी, इंदवार, बकेली, उमरिया, चंदवार, चन्सुरा, मुगवानी, बम्हनगवां, अमरपुर कुडी, झाल झलवार, पडखुड़ी, भोलगढ गांव के ब्राह्मण समाज के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

रविवार की शाम सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चाम हनुमान पहाड़ी मंदिर चिल्हारी से ग्राम भ्रमणकर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज विप्र माताएं बहने बड़ी संख्या में शामिल होकर जय परशुराम के नारे से पूरा चिल्हारी गूंजायमान हो उठा।

### अधर्म और अत्याचार के खिलाफ किया संघर्ष : पांडे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सनातनी नेता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि भगवान परशुराम, जो भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, ने अन्याय, अधर्म और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि जब-जब समाज में अन्याय बढ़े, तब-तब धर्म की रक्षा के लिए साहस और संकल्प जरूरी होता है। दिलीप पांडे ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, संस्कार और धर्म का वाहक रहा है। परशुराम स्वयं ब्राह्मण होते हुए भी एक महान योद्धा थे।

### भगवान परशुराम न्याय के प्रतीक हैं : शर्मा

कांग्रेस पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम की जयंती के पावन अवसर पर बधाईयां प्रेषित की और कहा कि भगवान परशुराम शक्ति, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय के खिलाफ खड़े होने और धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रबंधक नागेंद्र मिश्रा, आचार्य राजाभाईया मिश्रा, डॉ. प्रकाश तिवारी, डॉ. अरुण तिवारी, सुरेंद्र गौतम, अनिल द्विवेदी, बृजकिशोर मिश्रा, कान्हा चतुर्वेदी, रज्जन चतुर्वेदी, रामायण तिवारी, दिनेश प्रसाद गौतम, रमाकांत तिवारी, सोनू पयासी, सुरेश तिवारी, कमलेश गौतम, उमाकांत तिवारी, ओंकार प्रसाद मिश्रा, धनेंद्र तिवारी, अतुल तिवारी, रामचरित्र तिवारी, राजेंद्र तिवारी, कमलनयन पांडे, शेषमणि मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजर्षि मिश्रा ने किया।



# घायल शावक का रेस्क्यू कर मुकुंदपुर भेजा गया

▶ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों की जंग

**चिल्हारी नवभारत 20 अप्रैल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों के आपसी संघर्ष में एक शावक गंभीर रुप से घायल हो गया। टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम ने दो हाथियों की मदद से इलाके में तलाशी ली और घायल शावक का रेस्क्यू कर उसे मुकुंदपुर भेजा।

घटना रविवार को ताला परिक्षेत्र के भद्राशिला स्थित कोलुआबाह क्षेत्र में हुई, जहां जंगल में दो बाघों के बीच जोरदार लड़ाई की आवाज सुनाई दी थी। संघर्ष की आवाज सुनकर पार्क कर्मचारियों ने अभियान चलाया। काफी खोजबीन के बाद, जंगल में एक शावक गंभीर रूप से घायल अवस्था में बैठा मिला, जिसकी हालत चिंताजनक थी। शावक के पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटें थीं। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, टीम ने तुरंत उसे रेस्क्यू किया और उपचार के लिए मुकुंदपुर जू भेज दिया।

### घायल शावक का इलाज जारी

विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में घायल बाघ शावक का इलाज जारी है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार, यह मामला प्रारंभिक तौर पर बाघों के आपसी संघर्ष का परिणाम प्रतीत होता है। शावक की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घायल शावक लगभग 6 माह का नर बताया गया है।

# सार्वजनिक प्याऊ नहीं होने से राहगीर परेशान

▶ विधायक ने उपलब्ध कराई थी ठंडे व शुद्ध पानी की सुविधा



**अमरपुर नवभारत 20 अप्रैल।** इन दिनों बढ़ती भीषण गर्मी के बीच जनपद मुख्यालय अमरपुर के रानी अवंती बाई तिराहे पर यात्रियों के लिए स्थापित की गई सार्वजनिक प्याऊ व्यवस्था अब तक चालू नहीं हो सकी हैं।

बताया जा रहा हैं कि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा ठंडे शुद्ध पानी की सुविधा के लिए फ्रीजर व टोटी युक्त प्याऊ स्थापित कराया गया हैं, परंतु वह अभी तक बंद ही पड़ा हुआ हैं। यह तिराहा अमरपुर मुख्यालय का प्रमुख केंद्र बिंदु हैं। जहां से प्रतिदिन दिनभर हजारों लोगों का आवागमन होता हैं। उक्त तिराहे से खेरमाई चौक, जनपद पंचायत तिराहा, अस्पताल मोहल्ला तक एक से डेढ़ किलोमीटर तक कहीं भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हैं। ऐसे में यह सार्वजनिक प्याऊ राहत का बड़ा साधन बन सकता था।

### प्रमुख तिराहे पर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग

लापरवाही के चलते यह केवल दिखावे तक सीमित हैं। उक्त सार्वजनिक प्याऊ बिजली कनेक्शन या रखरखाव की कमी के कारण यह चालू नहीं हो पा रहा हैं। क्षेत्रीय आमजनता द्वारा प्रशासन से मांग की गई हैं कि तत्काल उक्त प्याऊ को चालू कराने के साथ ही हर प्रमुख तिराहे पर पेयजल की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि इस बढ़ती हुई भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिल सके।

# छात्रों ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े प्रसंग किए साझा

▶ कक्षा संचालन के दौरान मनाई गई अंबेडकर जयंती



**शहपुरा नवभारत 20 अप्रैल।** कक्षा संचालन के दौरान संविधान निर्माता बाबासाहब आंबेडकर की 135वी जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ के सेवानिवृत सैनिक पुन्नू लाल झारिया, सेवानिवृत शिक्षक प्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छात्रों ने भी डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। सर्वप्रथम डॉक्टर साहब के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन कर व्याख्यान माला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया गया। पुन्नू लाल द्वारा समानता के अधिकार और सेना में जातिगत समानता और भारत माता के प्रति समर्पण के साथ बाबा साहब के संविधान निर्माण मे अमूल्य योगदान को याद किया गया।


### जीवन के संघर्षों के बारे में बताया गया

प्रकाश अग्रवाल द्वारा उनके जीवन के संघर्षों के बारे में बताया गया, साथ ही विकास खंड समन्वयक डॉ. नीलेश्वरी वैश्य द्वारा शिक्षा को महत्पूर्ण मानते हुए अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान किस प्रकार बाबा साहब ने प्राप्त किया इसकी जानकारी दी। भेदभाव, छुआछूत जैसे बुराइयों समाज में वैमनस्यता फैलाती है यह समझाया।

### जल संरक्षण का दिया संदेश

परामर्शदाता गोपाल रैदास एवं अभिषेक तिवारी द्वारा उनके जीवन परिचय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। सभी ने मिलकर पौधों में ड्रिप के माध्यम से पौध व जल संरक्षण का संदेश दिया और अपने अपने घरों में रिचार्ज फिट व सोक फिट बनाने का संकल्प लेकर जल संवाद करते हुए जल संरक्षण की शपथ ली। इस दौरान सभी मेंटर्स, छात्र उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन और संचालन अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।

# अघोषित बिजली कटौती से नागरिक त्रस्त




▶ बिजली कटौती का असर विवाह के सीजन पर भी पड़ रहा

**अमरपुर नवभारत 20 अप्रैल।** अमरपुर जनपद पंचायत मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों हो रही अघोषित रूप से बिजली कटौती ने भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं।

रोजाना दोपहर में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों तक बिजली बंद रहने से विद्युत संबंधित व्यवसाय सहित आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। हल्की हवा तूफान चलते ही घंटों बिजली गुल हो जाती हैं। बिजली कटौती का असर शादी-विवाह के सीजन पर भी पड़ रहा हैं। जहां मसाले पीसने से लेकर अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### बिजली बिल में बढ़ोतरी, लेकिन सुविधा नहीं

फोटो कॉपी दुकान, कम्प्यूटर सेंटर, वेल्डिंग वर्क, आटा चक्की आदि व्यवसायियों का कारोबार ठप्प पड़ रहा हैं। शाम के समय भी कई बार रात 8 बजे तक बिजली नहीं रहती, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि बिजली बिल में बढ़ोत्तरी के बावजूद सुविधा नहीं मिल रही। क्षेत्रवासियों ने बिजली व्यवस्था को सुचारू करने की शासन प्रशासन से मांग की हैं।

# नगर परिषद शहपुरा में प्याऊ का शुभारंभ

**शहपुरा नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा में भीषण गर्मी को देखते हुए जनहित में एक सराहनीय पहल की गई है।

नगर परिषद अध्यक्ष शालनी अरुण अग्रवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना सिंह राठौर की उपस्थिति में राहगीरों और आमजन के लिए शीतल पेयजल हेतु नि:शुल्क प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद अनूप गुप्ता, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद भजनदास चक्रवर्ती, और वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद संतोष झरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मंदिर से चोरी गया चांदी का मुकुट और छत्र बरामद



▶ कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत उमरिया 20 अप्रैल।** मंदिर चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट एवं चांदी का छत्र बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी द्वारा 3 अप्रैल को ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मशरूका बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पीएस परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मदन लाल मरावी एवं पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

### ऐसे हुआ खुलासा

घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा संदेहियों की पहचान कर तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात जिला कटनी से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### योजनबद्ध तरीके से चोरी की वारदात को दिया अंजाम

पूछताछ में आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे द्वारा स्वीकार किया गया कि वह पूर्व में मंदिरों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात करता है। उक्त घटना में उसने हनुमान मंदिर ददरी से चांदी का मुकुट एवं छत्र चोरी कर अपने साथी राहुल उर्फ लालू सोनी को बेचने हेतु दिया था।



# कलेक्टर ने किया इंटेकवेल और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवभारत उमरिया 20 अप्रैल।** कलेक्टर राखी सहाय ने उमरार डैम स्थित मिक्सर इंटेकवेल, खलेसर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा घंघरी में प्रस्तावित 2 लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिलेवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने इंटेकवेल से प्राप्त कच्चे पानी के समुचित उपचार के बाद ही सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने, क्लोरीनेशन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही जल वितरण करने को कहा। साथ ही पाइपलाइन लीकेज की जांच कर शीघ्र मरम्मत करने तथा जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने देने के निर्देश दिए।

# युवक ने काटा हरा-भरा फलदार वृक्ष



▶ मानपुर मुख्यालय के ग्राम कठार का मामला

**चिल्हारी नवभारत 20 अप्रैल।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय क्षेत्र से लगे ग्राम कठार में एक दबंग युवक द्वारा चिलचिलाती धूप में हरे भरे फलदार वृक्ष को काट कर ढहा देने का मामला प्रकाश में आया है।

एक ओर देखा जाए तो इस भीषण गर्मी में जीव जंतुओं को जहां छाया की जरूरत पड़ती है, वहीं पक्षी भी अपना ठिकाना किसी छाया व फलदार पेड़ को ही बनाते हैं। कुछ अपराधी प्रवत्ति के लोगों द्वारा अपने अकड़पन का परिचय देते हुए भीषण गर्मी के सीजन में हरे भरे फलदार पेड़ काट कर ऐसे घिनौने कृत्य को अंजाम दिया जा रहा हैं।

**लोगों ने की कार्यवाही की मांग**-जानकारी के अनुसार ग्राम कठार निवासी ज्ञानु पटेल नामक व्यक्ति द्वारा भीषण गर्मी में हरा पेड़ काटने जैसी वारदात को अंजाम दिया है। प्रशासन से जनापेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए फलदार पेड़ काटने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उस पर कानूनी शिकंजा कसा जाए ताकि दोबारा ऐसी हरकत को अंजाम नहीं दे सके।

▶ सूखे पेड़ों से बड़ा हादसा होने का खतरा

### शिकायतों के बावजूद प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



**अमरपुर नवभारत 20 अप्रैल।** जनपद पंचायत मुख्यालय में लंबे समय से खड़े सूखे और जर्जर पेड़ कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं, परंतु जिम्मेदार प्रशासन अब तक निष्क्रिय बना हुआ हैं। स्थानीय रहवासियों और राहगीरों ने कई बार अधिकारियों को सूचना देकर इन पेड़ों को हटवाने की मांग की फिर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। हाल ही में अमरपुर-सक्का रोड़ पर हल्की आंधी-तूफान में एक सूखा पेड़ अचानक गिर गया था, जिससे सड़क जाम होने से आवागमन प्रभावित हो गई था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।


**राहगीरों और मकानों को हो सकता है नुकसान**-गर्मी के मौसम में आंधी-तूफान की संभावना अधिक रहती हैं। ऐसे में यह पेड़ कभी भी गिरकर वाहन चालकों, राहगीरों, आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल सूखे पेड़ों को हटाने की मांग की हैं। ताकि संभावित हादसे को रोका जा सके।

आयोजन | सामूहिक विवाह के साथ स्व-जनगणना की अनूठी पहल

# बजाग में नवविवाहित जोड़ों ने भी जाना स्व-जनगणना का महत्व







**डिंडौरी, नवभारत 20 अप्रैल।** आकांक्षी विकासखंड बजाग में जिला प्रशासन की अभिनव पहल देखने को मिली। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधे। इस आयोजन की सबसे खास बात रही कि विवाह स्थल को ही 'स्व जनगणना' का केंद्र बना दिया गया।

दरअसल 16 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में 'स्व जनगणना' ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। इसे प्रभावी बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने सामूहिक विवाह सम्मेलन का अवसर चुना।

### विवाह स्थल पर विशेष काउंटर लगाए गए

विवाह स्थल पर ही स्व-जनगणना के लिए विशेष काउंटर लगाए गए। साथ ही लोगों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए जहाँ प्रशिक्षित कर्मचारी व शिक्षक तैनात रहे। आयोजन स्थल पर बनाए गए आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट' लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। यहां आने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने पहले सेल्फी ली और फिर स्व जनगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया को समझा।

### परिजनों को भी फॉर्म ऑनलाइन भरना सिखाया

सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि विवाह बंधन में बंधने वाले कुछ नवविवाहित वर और वधू का स्व जनगणना फॉर्म विवाह के तुरंत बाद ही ऑनलाइन भरवाया गया। इतना ही नहीं, विवाह में शामिल होने आए उनके परिजनों को भी स्व-जनगणना का फॉर्म मोबाइल पर ऑनलाइन भरना सिखाया गया। इस कार्य में शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।

### आमजन को जागरूक करने का अनोखा प्रयोग

शिक्षकों ने ग्रामीणों को घर-घर जाकर नहीं बल्कि विवाह स्थल पर ही एकत्रित भीड़ को स्व जनगणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया और प्रक्रिया समझाई। आदिवासी बहुल वनांचल क्षेत्र बजाग में इस तरह के बड़े आयोजन में प्रशासन की यह पहल आमजन को जागरूक करने का एक अनोखा और सफल प्रयोग साबित हुई।

### जनप्रतिनिधियों ने नवाचार की प्रशंसा की

अक्सर दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट और तकनीकी जानकारी के अभाव में लोग ऑनलाइन प्रक्रियाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में सामूहिक विवाह जैसे आयोजन में हजारों लोगों की मौजूदगी का लाभ उठाते हुए प्रशासन ने उन्हें एक ही स्थान पर स्व जनगणना से जोड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के इस नवाचार की प्रशंसा की।